# नेशनल चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड कॉमर्स, यू.पी., आगरा



## वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2024–25

सम्मानिय मीडिया बन्धु नमस्कार,

सर्वप्रथम आप सभी को नव सम्वत 2082, नवरात्रि एवं राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। आज का यह क्षण मेरे लिए भावनात्मक भी है और गर्व से भरा हुआ भी है। नेशनल चैम्बर के अध्यक्ष के रुप में मुझे दूसरी बार अध्यक्ष बनने का मौका मिला। इस दौरान मुझे आपके साथ उद्योग एवं व्यापार जगत के विकास के लिए पूरा सहयोग मिला। जब मैंने इस जिम्मेदारी को संभाला था तब मेरा एक ही संकल्प था उद्योगों व्यापारियों एवं उद्यमियों के हितों की रक्षा करना, नीतिगत सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठाना और एक ऐसा माहौल तैयार करना जहां व्यापार सुगमता से आगे बढ़ सकें। आज मैं पीछे मुडकर देखता हूं तो कई महत्वपूर्ण कार्य जो नेशनल चैम्बर के मैंने अपने सभी पदाधिकारी एवं अपने सम्मानिय सदस्यों के सहयोग से किये उनमें मैं काफी भविष्य में पूरे होते देख रहा हूं।

आप सभी सम्मानिय बन्धुओं का योगदान इस पूरी यात्रा में अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। आप सभी ने हमारी आवाज को न केवल व्यापारिक समुदाय तक पहुंचाया बल्कि सरकार और नीति निर्माताओं तक भी हमारी बातें प्रभावी रुप से रखने में मदद की। मैं आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।

हालांकि मेरा कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है लेकिन मेरा जुड़ाव चैम्बर के साथ हमेशा बना रहेगा। मैं आशा करता हूं आने वाले नेतृत्व श्री संजय गोयल जी अध्यक्ष एवं उनकी टीम के साथ भी आपका सहयोग और समर्थन इसी तरह बना रहेगा। जिससे नेशनल चैम्बर और अधिक प्रगति कर सके और उद्यमी एवं व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण हो सके। आपके सहयोग के बिना हम अधूरा महसूस करते हैं। आप सभी आगरा के विकास के लिए उद्योग एवं व्यापारिक जगत के विकास के लिए केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार में हमारी आवाज बनते हैं एवं अपनी सशक्त भूमिका निभाते हैं।

पुनः आपने पूरे वर्ष जो सहयोग एवं प्यार मुझे दिया उसके लिए आपका पुनः बहुत–बहुत दिल की गहराईयों से धन्यवाद।

इस वर्ष की कुछ प्रमुख मांग अथवा प्रयास जो नेशनल चैम्बर द्वारा किया गया वह मुख्य है :

1. सबसे पहले 12 अप्रैल 2024 को मैंने आप लोगों के साथ एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें हमने आईटी हब आगरा में विकसित करने पर काफी जोर दिया। उसी के सन्दर्भ में हम अपने शहर के लोकप्रिय सांसद केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री एस. पी. सिंह बघेल जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के कैबिनेट मंत्री रेल एवं आईटी मंत्री श्रीमान अश्विनी वैश्नव जी से मुलाकात की। उन्होंने हमारी बात को गम्भीरता से सुन उसी समय नेस्कॉम के साथ मीटिंग करने का आदेश किया जो अतिशीघ्र आगरा में सभी अधिकारियों के

साथ एवं आईटी की टीम के साथ हमारे सांसद जी के साथ अतिशीघ्र होगी। इसके साथ ही साथ प्रदेश सरकार की आईटी विभाग की टीम भी अतिशीघ्र आगरा में लखनऊ एवं आगरा के अधिकारियों के साथ आईटी हब बनाने के लिए मीटिंग करेगी। आईटी हब के लिए माननीय विधायक डॉ धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में हम माननीय उ0 प्र0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी से मिला और आगरा में टीटीजेड के कारण वाइट कैटेगिरी का उद्योग आईटी हब को विकसित करने की मांग रखी। आगरा प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री – पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्रीमान जयवीर सिंह जी से भी मुलाकात की और आईटी हब के लिए मांग की। सभी ने आगरा को आईटी हब स्थापित करने के लिए पूरा आश्वस्त किया है।

2. चैम्बर की मांग पूर्व प्रधान मंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा बटेश्वर में स्थापित हो इसके लिए चैम्बर ने माननीय सांसद श्री राजकुमार चाहर जी के नेतृत्व में केन्द्रीय एवं प्रदेश मंत्रियों के समक्ष मांग रखी। जिसकी घोषणा भी हो चुकी है और अतिशीघ्र पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी और गुजरात में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की मूर्ति की तर्ज पर बटेश्वर के आसपास पूरे क्षेत्र का भी विकास होगा।
3. आगरा की वर्षो पुरानी मांग यमुना में बैराज निर्माण हेतु चैम्बर द्वारा केन्द्र सरकार एवं उ0 प्र0 सरकार से बराबर मिलकर एवं पत्राचार के मांध्यम से मांग होती रही। बैराज निर्माण में अभी तक 7 एनओसी मिल गई है और इस मांग के चलते माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल जी के नेतृत्व में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री माननीय श्री सी. आर. पाटील जी से दिल्ली में मुलाकात की और बैराज निर्माण की मांग की। जिसमें वैराज निर्माण में एक एनओसी रह गई है वह भी अतिशीघ्र मिल जायेगी। मुझे पूर्ण उम्मीद है 2025–26 वर्ष में वैराज निर्माण का कार्य हो जायेगा और जल्द ही यमुना में जल का भराव रहेगा तथा विभिन्न पर्यटकों को लुभावने वाली योजनाओं का प्रारम्भ भी होगा।
4. नये चैम्बर भवन के लिए भूखंड की मांग उ0 प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ श्रीमान मयूर माहेश्वरी जी से फाउण्ड्री नगर में स्थित जर्जर सीएफसी भवन में से 1000 वर्ग मीटर भूखंड की मांग की गई। इस भूखंड में चैम्बर भवन के साथ–साथ बीआईएस लैब जूते एवं डीजल इंजन के लिए बनायेंगे। जिसकी आगरा के उद्योगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण लैब है। हमारी बात से श्री माहेश्वरी जी भी पूर्ण सहमत है और रियायती दर पर 2025–26 में यह भूखंड चैम्बर को अतिशीघ्र आवंटन हो जायेगा।
5. सिविल एनक्लेव आगरा में 25–26 में पूर्ण हो जायेगा। इसमें हमारे द्वारा प्रयासों में आगरा से अहमदाबाद, आगरा से हैदराबाद बायां कलकत्ता मिल गई है। आगरा से बेंगलोर और मुम्बई पहले से ही चालू है। हमारा प्रयास है आगरा से सूरत, आगरा से कलकत्ता, आगरा से अयोध्या, बनारस एवं आगरा से गोवा अतिशीघ्र चालू हो। इसका भी बराबर प्रयास जारी है। यह फ्लाइट जब मिल जायेगी तब पर्यटकों की भी संख्या एवं पर्यटकों का रात्रि प्रवास भी बढ़ेगा।
6. चैम्बर ने इस बार ताजमहल को रात्रि 12 बजे तक खोलने के लिए प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार से बराबर सम्पर्क किया और मुझे पूरी उम्मीद है इसमें भी हमें सफलता अतिशीघ्र मिलेगी।

7. आगरा में रात्रि प्रवास पर्यटकों का बढ़े इसके लिए भी हमने केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के मंत्रियों के बराबर सम्पर्क किया तथा शाहजहां गार्डन और रामबाग को मैसूर के वृन्दावन गार्डन की तर्ज पर विकसित किया जाये। यहां लाइट एण्ड साउंड शो प्रारम्भ किया जाये। प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह जी ने शहीद स्मारक पर एवं लाल किला पर लाइट एण्ड साउंड प्रोग्राम प्रारम्भ करने की घोषणा की है। जो अतिशीघ्र चालू हो जायेगी। साथ ही साथ चैम्बर की मांग पर क्लासिकल डांस एवं कैशिनो खोलने पर गहराई से विचार की बात कही है। अगर यह दोनों योजना लागू हो गई तो पर्यटक आगरा में रात्रि प्रवास अवश्य करेगा।
8. हमने आगरा में गारमेंट क्लस्टर एवं हैंडीक्राफ्ट क्लस्टर बनाने, फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर भी बराबर जोर दिया। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी जी से मुलाकात में टीटीजेड के कारण लगी बंदिश के कारण वाइट कैटेगिरी के उद्योग लगाने पर हमारा जोर रहा जिसके लिए प्रदेश सरकार काफी गम्भीर है और गारमेंट कलस्टर अतिशीघ्र बनेगा ऐसा हमें विश्वास है।
9. इस बार दो महत्वपूर्ण हस्तियां चैम्बर में पधारी 8 मार्च को मुख्य चुनाव आयुक्त भारत श्री ज्ञानेश कुमार जी चैम्बर के कार्यक्रम में पधारे जिनका चैम्बर के साथ–साथ सभी व्यापारिक औद्योगिक संगठनों एवं सामाजिक संगठनो ने उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। उनको भी आगरा के विकास के लिए जब नेशनल चैम्बर का एजेंडा दिया उन्होंने अपने उदबोधन के साथ इतना ही कहा अब आगरा का विकास दूर नहीं है। मैं आगरा का निवासी और व्यक्ति होने के नाते आगरा के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। वह अपना अभूतपूर्व सम्मान समारोह देखकर काफी गदगद एवं प्रसन्नचीत थे। उन्होंने अपने उदबोधन में आगरा का सबसे प्राचीन संगठन 1949 से उद्योग जगत में कार्य करने के लिए चैम्बर की भूर भूर प्रशंसा की।
10. 23 मार्च 2025 को धर्मपाल विद्यार्थी व्याख्यान माला कार्यक्रम 2024–25 में बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी पधारें। उन्होंने भी इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में 10 विभूतियों को सम्मानीत किया तथा उन्होंने अपने उदबोधन में कहा आगरा का विकास, उद्योग का विकास भारत सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में अवश्य होगा। चैम्बर के सुझाव सभी प्रमुख मचों पर प्रमुख मंत्रालयों पर भेजे जायेंगे तथा वर्षों से जो आगरा चाहता है वह सभी पूरा होगा। ऐसा उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया। इस अवसर पर चैम्बर के 75 वर्ष पूरे होने पर हीरक स्मारिका का भी विमोचन किया गया।
11. चैम्बर का स्थापना दिवस कार्यक्रम बहुत ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। चैम्बर के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्री रंजीत सामा द्वारा चैम्बर के 75 वर्ष के इतिहास पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई गई। जिसका उदघाटन स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया। जो चैम्बर की सभी सदस्यों द्वारा बहुत अच्छी बताई गई।
12. उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से जब मुलाकात की उनसे आगरा में नया इण्डस्ट्रीयल एरिया बनाने की मांग रखी जो पिछले 40 से 45 साल से नया एरिया डवलप नहीं हुआ है। लैदर पार्क की भी बात उनके संज्ञान में लाई गई उसका केस भी सुप्रीम कोर्ट में 20–25 साल से लम्बित है। उन्होंने अतिशीघ्र निराकरण का वादा किया।

13. हमने आगरा को रेलवे के द्वारा यात्री एवं माल ढुलाई के लिए कई सुझाव प्रेषित किये। जब हम केन्द्रीय रेलवे एवं आईटी मंत्री श्रीमान अश्विनी वैश्नव जी से मिले हमने उनके संज्ञान में आगरा से इलाहाबाद बनारस वन्दे भारत ट्रेन, आगरा से अयोध्या, झांसी से आगरा होते हुए दिल्ली मार्ग के साथ 3 दिन चंडीगढ तथा 3 दिन लुधियाना की मांग, उज्जैन से आगरा के लिए इंटरसिटी ट्रेन जो ग्वालियर तक आती है, उसको आगरा तक चलाने के लिए निवेदन किया। जिसमें आगरा से इलाहाबाद बनारस वन्दे भारत हमे मिल गई है। अतिशीघ्र आगरा से अयोध्या प्रारम्भ हो जायेगी और अन्य ट्रेन भी हमें अतिशीघ्र मिलेंगी। इसके साथ साथ व्यापार के क्षेत्र में आगरा से सूरत सुपर फास्ट ट्रेन की भी मांग की है।

लोकल स्तर पर भी हम बराबर सभी विभागों के साथ, चैम्बर के सदस्यों के साथ बैठक करते रहे तथा उनकी समस्या एवं सुझावों पर लोकल स्तर पर गम्भीरता से विचार कर उनका निराकरण भी किया ऐसे कई उल्लेखनीय लोकल स्तर पर कार्य हुए। हमने इस वर्ष रिकार्ड 220 सदस्यों को अपने साथ जोड़कर नई मेम्बरशिप प्रदान की। लगभग हर तीसरे दिन हम लोकल स्तर पर प्रदेश स्तर पर और केन्द्र स्तर पर बराबर बैठक करते रहे यह बात आपको सर्वविदित है।

मैं पुनः आप सभी के सहयोग के लिए और मार्ग निर्देशन के लिए आपका दिल से धन्यवाद देता हूं। आपने अपने सुझावों के द्वारा जो ऊर्जा प्रदान की उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। साथ ही साथ मैं अपने सभी सम्मानीय पूर्व अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्य एवं चैम्बर के सदस्यों तथा सहयोगी संगठनों का भी शुक्रिया करता हूं जिन्होंने समय–समय पर अपने सुझाव दिये और उनके क्रियान्वयन में अपना सहयोग प्रदान किया।

मैं अपने तीनों छोटे भाई मनोज कुमार गुप्ता, अम्बा प्रसाद गर्ग तथा नितेश अग्रवाल का अगर जिक्र न करू तो मेरे लिए ठीक नहीं रहेगा। उन तीनों ने मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर समय मेरा साथ दिया। मैं उनका भी शुक्रिया अदा करता हूं।

भूलवश अगर मेरे मन कर्म से या अज्ञानता के द्वारा किसी को कष्ट पहुंचा हो तो उसके लिए क्षमा चाहता हूं।

सादर
भवदीय

(अतुल कुमार गुप्ता)
आपका अपना